पंजाब केसरी 07/04/2026

राज्यस्तरीय कविता पाठ प्रतियोगिता में जी.एम.एन. कॉलेज ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी

अम्बाला, 6 अप्रैल (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी साहित्यिक उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए करनाल के दयाल सिंह कॉलेज करनाल में डॉ. रतन चंद शर्मा की पुण्यस्मृति में आयोजित राज्यस्तरीय कविता पाठ प्रतियोगिता में ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के विभिन्न महाविद्यालयों की 13 टीमों ने भाग लिया, जहां जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। कॉलेज के मेधावी छात्र अश्वनीत और पारस भोला ने अपनी ओजस्वी, हृदयस्पर्शी एवं सशक्त काव्य प्रस्तुति से निर्णायक मंडल को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रभावी अभिव्यक्ति, सशक्त वाणी और आत्मविश्वास से भरपूर मंचीय प्रस्तुति ने उन्हें प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान दिलाया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, समर्पण और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. रितु गुप्ता एवं डॉ. मनजीत कौर ने भी विद्यार्थियों की सराहना की।



करनाल में डॉ. रतन चंद शर्मा की पुण्यस्मृति में आयोजित राज्यस्तरीय कविता पाठ प्रतियोगिता में ओवरऑल ट्रॉफी जीतने वाले जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त। (चंदमोहन)